## खबर संक्षेप

### महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह बाल भवन में आज

**रेवाड़ी।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में 6 अक्टूबर को सुबह 10 बजे बाल भवन में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। डीआईपीआरओ दिनेश कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के तत्वावधान में संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत प्रदेश भर में महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, बावल से विधायक डा.कृष्ण कुमार व कोसली से विधायक अनिल यादव मुख्यातिथि रहेंगे, जबकि डीसी अभिषेक मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष डा.वंदना पोपली व नगर परिषद चेयरपर्सन पूनम यादव की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। डीआईपीआरओ ने बताया कि समारोह में स्वच्छता अभियान में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सफाई योद्धाओं का भी सम्मान किया जाएगा। साथ ही महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों पर केंद्रित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी।

### किसान के ट्यूबवेल से सिंचाई के उपकरण चोरी

**कोसली।** गांव नाहड़ से चोर एक किसान के ट्यूबवेल से सिंचाई की मोटर व अन्य उपकरण चोरी कर ले गए। किसान रविन्द्र कुमार ने नाहड़ पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि चोर उनके कुएं से एक 7.5 एचपी की मोटर, एक रस्सा, औजार, बैंड व नोजल तथा कुछ अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौके की जांच के बाद किसान की शिकायत पर शनिवार को चोरी का मामला दर्ज किया है।

### मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी आठ को

**रेवाड़ी।** प्रगतिशील साहित्यिक सांस्कृतिक मंच की ओर से आठ अक्तूबर को मॉडल टाउन स्थित बाल भवन में प्रसिद्ध साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की 89वीं पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। साहित्य प्रेमी एवं आयोजन समिति सदस्य व रिटायर्ड ईओ मनोज यादव ने बताया कि कार्यक्रम में हिंदी साहित्य के अमिट हस्ताक्षर की समाज के प्रति दी गई सेवाओं को याद किया जाएगा।

*एक सप्ताह से अनाजमंडी में बढ़ी आवक, अब तक डेढ़ लाख क्विंटल बाजरा पहुंचा*

# अभी तक सरकारी खरीद नहीं 1900 रुपये में खरीद रहे आढ़ती, किसानों को 300 प्रति क्विंटल का नुकसान



अनाजमंडी के बाहर लगी ट्रैक्टरों की कतार

**जिन किसानों ने मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है, उन किसानों को ही भावांतर भरपाई के 575 रुपये का लाभ मिलेगा**

**अनाजमंडी के गेट पर ट्रैक्टर-ट्रालियों की कतार लगने लगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले की रेवाड़ी, बावल व कोसली के अनाजमंड़ियों में अभी तक बाजरे की सरकारी खरीद शुरू नहीं हुई है। एक सप्ताह से अनाजमंडी में बाजरे की आवक भी काफी बढ़ गई है। अनाजमंडी के गेट पर ट्रैक्टर-ट्रालियों की कतार लगने लगी है। बाजरा बेचने के लिए ज्यादा संख्या में किसानों के ट्रैक्टर लेकर पहुंचने से अनाजमंडी के पहले फड के पास जाम की स्थिति भी गन रही है। अनाजमंडी के गेट पर गेटपास कटवाने के लिए किसानों की कतार भी लग रही है। सरकार ने बाजरे का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2200 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है तथा किसानों को 575 रुपये भावांतर भरपाई के दिए जाएंगे, लेकिन अभी आढ़ती 1900 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बाजरे की खरीद कर रहे है, जिससे किसानों को सरकार के निर्धारित 2200 रुपये क्विंटल के मूल्य के हिसाब से 300 रुपये प्रति क्विंटल का नुकसान हो रहा है, क्योंकि सरकार ने बाजरा खरीद के जो नियम तय किया है, उन पर अनाजमंडी में आ रहे बाजरे की क्वालिटी खरी नहीं उतर रही है। जिन किसानों ने मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है, उन किसानों को ही भावांतर भरपाई के 575 रुपये का लाभ मिल पाएगा।

सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य 2200 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है व किसानों को 575 रुपये भावांतर भरपाई के दिए जाएंगे



अनाजमंडी के फड पर लगी बाजरे की ढेरियां



कोसली अनाजमंडी में बाजरे की गुणवत्ता देखते हैफेड एमडी व अन्य।

**हैफेड एमडी ने कहा कि यदि कोई बाजरे की ढेरी तय किए गए मापदंड के अनुरूप मिलती है तो उसकी सरकारी खरीद हो सकती है**

**करीब 3 हजार किसानों के गेट पास काटे जा चुक**

नई अनाजमंडी में अभी तक करीब डेढ़ लाख क्विंटल बाजरे की आवक हो चुकी है तथा अब तक करीब 3 हजार किसानों के गेटपास काटे जा चुके है। रेवाड़ी व कोसली अनाजमंडी में हैफेड तथा बावल व जाटूसाना मंडी में वेयर हाउस की ओर से बाजरे की खरीद की जानी है। अभी व्यापारियों की ओर से 1900 से 2400 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बाजरे की खरीद की जा रही है। सरकारी खरीद एजेंसिया बाजरे की क्वालिटी को लेकर असमंजस में है।

**भावांतर भरपाई का लाभ दिया जाए ई-खरीद से बाजरा बेचने वाले को- हैफेड एमडी ने कोसली अनाजमंडी का किया दौरा**

हैफेड के प्रबंध निदेशक मुकुल कुमार ने कहा कि जो किसान मंडी में ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से आढ़ती को बाजरा की फसल बेचने के लिए आएंगे, उन्हें सरकार की ओर से भावांतर भरपाई स्कीम का लाभ दिया जाएगा। एमडी ने कोसली की अनाज मंडी में आ रहे बाजरे की गुणवत्ता और निजी खरीद की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि सरकार के मापदंड के अनुसार बाजरे की गुणवत्ता की आवक बहुत कम है। उन्होंने मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र सिंह को निर्देश दिए कि ई-खरीद के जरिए आढ़तियों ने जो बाजरा लिया है, उसका किसानों को भुगतान समय पर किया जाए और उनको भावांतर भरपाई के निर्धारित किए गए दाम 575 रुपये प्रति क्विंटल का लाभ प्रदान किया जाए। हैफेड एमडी ने कहा कि यदि कोई बाजरा की ढेरी तय किए गए मापदंड के अनुरूप मिलती है तो उसकी सरकारी खरीद हो सकती है। इस अवसर पर हैफेड के जिला प्रबंधक प्रवीन शर्मा, मंडी प्रधान दिनेश गोयल व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## मोबाइल हैक करके 9.98 लाख रुपये की ठगी के मामले एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

**आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया**

साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मोबाइल फोन हैक करके करीब 9.98 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले में कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल के जिला उत्तर दिनाजपुर के गांव घिरता तला निवासी मुख्तार मंडल के रूप में हुई है। गत 20 अगस्त को बावल के साइबर ठगों ने सेक्टर-2 निवासी वीराराम के मोबाइल में एपीके फाईल भेजकर हैक करके खाते से करीब 9.98 लाख रुपये निकाल लिए थे। पुलिस ने वीराराम की शिकायत पर साइबर थाना में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी। संलिप्त एक आरोपी मुख्तार मंडल निवासी गांव घिरता तला जिला उत्तर दिनाजपुर पश्चिम बंगाल हाल निवासी चंद्र लोक सेक्टर 28ए चक्करपुर गुरुग्राम को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने रविवार को आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी मुख्तार मंडल।

### वायु सैनिक 12 को मनाएंगे भारतीय वायुसेना दिवस

**रेवाड़ी।** शहर में इस वर्ष भी वायु सैनिक अपने परिवार के साथ भारतीय वायुसेना दिवस समारोह मनाएंगे, जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। आयोजन समिति के प्रवक्ता एडवोकेट अशोक कुमार ने बताया कि समारोह कोनसीवास रोड़ स्थित गणपति गार्डन में आयोजित किया जाएगा। रविवार को समारोह को लेकर आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। भारतीय वायु दिवस प्रतिवर्ष 8 अक्तूबर को मनाया जाता है, लेकिन इस बार कार्य दिवस होने के कारण यह कार्यक्रम आगामी 12 अक्तूबर को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह साढ़े आठ हवन से शुरू होगा। रविवार को हुई बैठक में सुबेसिंह, ईश्वर, राजबीर सिंह, नानक सिंह, अजीत सिंह, विजय सिंह और राजेश मौजूद थे। इस मौके पर प्रवक्ता हंसराज एडवोकेट ने कहा कि आयोजन समिति इस समारोह को यादगार बनाना चाहती है।

## मोटरसाइकिलों की नंबर प्लेट, इंजन व चैसिस नंबर बदलकर बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

**आरोपियों से चार बाइक भी बरामद की थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

धारूहेड़ा थाना पुलिस ने चोरी की गई मोटरसाइकिलों पर फर्जी नंबर प्लेट, इंजन व चैसिस नंबर लगाकर इस्तेमाल करने के वर्ष 2016 के एक पुराने मामले में कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला भरतपुर के गांव काबन का बास निवासी मौसम के रूप में हुई है। आईओ ने बतलया कि 22 नवंबर 2016 को पुलिस ने चैकिंग के दौरान धारूहेड़ा के सुभाषचंद्र बोस चौक पर दो संदिग्ध मोटरसाइकिलों को चैक किया था। चैकिंग में दोनों मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट पर एक ही नंबर थे। इंजन व चैसिस नंबर भी हूबहू एक जैसे ही गुदे हुए थे तथा आरसी व इंशोरेंस भी एक जैसे ही थे।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी मौसम।

**आरोपी से पूछताछ जारी**

पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों की पहचान राजस्थान के जिला धौलपुर के गांव गोगली निवासी ओमप्रकाश व राजस्थान के ही जिला भरतपुर के गांव सुंदरावली निवासी गजराज के रूप में हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था तथा आरोपियों से 4 बाइक भी बरामद की थी। आरोपियों से पूछताछ के दौरान राजस्थान के जिला भरतपुर के गांव काबन का बास निवासी मौसम का नाम सामने आने पर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। शनिवार शाम को धारूहेड़ा पुलिस ने आरोपी मौसम को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि उसने चोरी की मोटरसाइकिलें खरीदकर उन पर रेती मारकर फर्जी इंजन व चैचिस नंबर लगाकर बेच दी थी।

## व्यक्ति ने लंबी बीमारी से तंग आकर पीया कीटनाशक, पीजीआई में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

**मृतक के बेटे ने अपने पिता की मौत को लेकर किसी प्रकार का संदेह नहीं जताया**

भाकली गांव में एक व्यक्ति ने लंबी बीमारी से तंग आकर कीटनाशक पीकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक सुरेन्द्र सिंह के बेटे लक्ष्य ने पुलिस को दिए ब्यान में बताया कि वे दो भाई है। लगभग 45 वर्षीय उनके पिता सुरेन्द्र सिंह लंबे समय से बीमार रहते थे तथा पैरों से लाचार होने के कारण ई-रिक्शा में चलते थे। अचानक शनिवार को उन्होंने कीटनाशक जहर पी लिया। वे अपने पिता को पहले कोसली अस्पताल, फिर रेवाड़ी अस्पताल तथा वहां से रोहतक पीजीआई ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना के बाद कोसली पुलिस रविवार को पीजीआई पहुंची तथा मृतक सुरेन्द्र सिंह के बेटे के ब्यान पर सामान्य कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

मृतक के बेटे ने अपने पिता की मौत को लेकर किसी प्रकार का संदेह नहीं जताया है।

## पोषण पखवाड़े के तहत दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना से जुड़ी महिलाओं को योजना के बारे में अवगत कराना
- गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशु की देखभाल को प्रोत्साहित किया

गांव चांदूवास में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत पोषण पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान विभाग की सुपरवाइजर सोनी ने ग्रामीण महिलाओं को पोषण से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य के तहत प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना से जुड़ी महिलाओं को योजना के बारे में अवगत कराना था। सोनी ने बताया कि योजना के तहत गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशु की देखभाल को प्रोत्साहित किया जाता है और लाभार्थियों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है। रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरवाकर लाभ पात्र महिलाओं का पंजीकरण किया गया ताकि वे योजना का लाभ उठा सकें। महिला एवं बाल विकास विभाग की इस पहल से न केवल पोषण के स्तर में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।



रेवाड़ी। महिलाओं को जानकारी देते हुए सुपरवाइजर। फोटो :हरिभूमि

**एक सप्ताह से दिन में बढ़ रहा तापमान कर रहा मौसम का मिजाज गर्म**

# दिन व रात के तापमान में मामूली कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एक सप्ताह से शहर के दिन व रात के तापमान में उतार-चढ़ाव चल रहा है। तापमान के बढ़ने का सिलसिला कम होने का नाम नहीं ले रहा है। दिन के तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं आ रहा है। रात के तापमान में मामूली गिरावट से सर्दी की दस्तक के संकेत मिलने लगे हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले सप्ताह मौसम में बदलाव आने की संभावना है, जिससे कई इलाकों में हल्की या मध्यम बारिश हो सकती है। अक्टूबर के पहले सप्ताह से ही मौसम का मिजाज गर्म होना शुरू हो गया था।

**अगले सप्ताह से मौसम में बदलाव की आस**



रेवाड़ी। सरसों की बिजाई के लिए तैयार किया गया खेत। फोटो :हरिभूमि

**अधिकतम तापमान 35 डिग्री से ऊपर चल रहा**

सितंबर के अंतिम सप्ताह से अधिकतम तापमान 35 डिग्री से ऊपर चल रहा है। सितंबर के अंतिम सप्ताह में एक बार मौसम ठंडा होने लगा था। इसके बाद से अधिकतम व न्यूनतम तापमान बढ़ता चला गया। रविवार को अधिकतम व न्यूनतम तापमान में मामूली कमी दर्ज की गई, लेकिन गर्मी का असर बरकरार रहा।

**मौसम ठंडा होने मिलेगी किसानों को राहत**

*मौसम ठंडा होने से किसानों को काफी राहत मिलेगी। सरसों उत्पादक किसानों को मौसम गर्म होने से सरसों की बिजाई में परेशानी हो रही है। मौसम ठंडा होने के बाद किसान सरसों की बिजाई कर सकते हैं। कृषि विशेषज्ञ डा. अनिल यादव के अनुसार तापमान बढ़ने के बाद सरसों फसल की बिजाई करना उचित नहीं है। बढ़ते तापमान के कारण सरसों की फसल उगने के साथ ही गर्म रेत के कारण झुलस सकती है। गर्मी के कारण अक्सर सरसों रोग की चपेट में भी आ जाती है, जिस कारण किसानों को नए सिरे से बिजाई करनी पड़ती है।*

**एसी व कूलर का इस्तेमाल कम किया**

अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री कमी के साथ 34.5 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 0.7 डिग्री की गिरावट के साथ 19.8 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। तापमान में गिरावट के बाद लोगों ने एसी और कूलर का इस्तेमाल कम कर दिया था। तापमान बढ़ने के बाद इनका इस्तेमाल फिर से शुरू हो गया। मौसम विभाग के अनुसार अभी कुछ दिन तक बरसात के आसार नहीं हैं। आसमान में बादल छाते रहेंगे। एक विक्षोभ की सक्रियता के चलते अगले सप्ताह बरसात या बूंदाबांदी हो सकती है।

*पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी*

## नकदी व जेवरात चोरी करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**आरोपी से चोरी हुए सामान को लेकर पूछताछ की जा रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

सेक्टर-6 धारूहेड़ा थाना पुलिस ने घर में घुसकर नकदी व जेवरात चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला गुरूग्राम के गांव शिकोहपुर निवासी संजय के रूप में हुई है। द्वारकाधीश सिटी धारूहेड़ा निवासी मनीराम ने 28 सितंबर को पुलिस में शिकायत दी थी कि वह अपने परिवार सहित धारूहेड़ा के महेश्वरी स्थित भगवान सिंह कॉलोनी में निजी कार्य से गया था। शाम को जब वह घर वापस आया तो मकान की कुंडी खुली हुई थी।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में चोरी का आरोपी संजय। फोटो :हरिभूमि

**घर से करीब दो लाख रुपये कैश था**

अलमारी के लॉकर के लॉक टूटे हुए थे। घर से करीब 2 लाख रुपये कैश व जेवरात चोरी हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी। पुलिस ने शनिवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी संजय को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को आरोपी को कोर्ट में पेश करके दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। आरोपी से चोरी हुए सामान को लेकर पूछताछ की जा रही है।



*पेट जितना भी भरा रहे, आशा कभी नहीं भरती। वह जीवों को कोई-न-कोई अप्राप्य, कुछ नहीं तो केवल रंगों की माया का इंद्रधनुष प्राप्त करने के मायावी दलदल में फँसा ही देती है।*

**- सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'**

*स्त्री अपने दर्द-दु:ख बाँट लेती है लेकिन पुरुष जैसे कुछ खास न हुआ हो, का दिखावा करते हुए भीतर ही भीतर घुलता रहता है। उधर कृष्णा के बार-बार कुरेदने पर भी शांत और उदास सी अंकिता ने कुछ भी संकेत नहीं दिया। पति के प्रति आकर्षण का समापन तो ब्याह के माह भर बाद से ही कृष्णा अनुभव कर रही थी, 'परन्तु दूसरे के घर में व्यवस्थित होने में समय तो लगता ही है' सोचकर वह दिनचर्या में व्यस्त रहती।*



*कुछ पल सोचकर कृष्णा ने बलजीत को फोन मिलाया- 'कहाँ हो? ज्यादा जरूरी काम ना हो तै घरां आ जाओ।' 'आऊँ सूँ' कहकर बलजीत ने फोन काट दिया। कुछ देर बाद बलजीत आ गया तो कृष्णा ने एक तरफ बैठकर सारी बात उसको बताई, जिसे सुनकर बलजीत भी हैरान, परेशान हो गया। कृष्णा ने अंकिता को चाय बनाने को कहा और बलजीत को समझाने लगी कि बात बहुत गम्भीर है, तुम विपिन से बात कर लो।*



कहानी

**आशा खत्री 'लता'**

# कलंक

विवाह के केवल चार महीने बाद ही अंकिता फिर कभी ससुराल न जाने के इरादे के साथ पीहर लौट आई। कुशल-क्षेम जानने के बाद बेटी कितने दिन साथ रहेगी इस उत्सुकता से माँ ने पूछा- 'अमर कब आएगा तुझे लेने?'

माँ के इस प्रश्न पर उस वक्त तो अंकिता मौन साध गई, परन्तु अगले एक दो दिन में ही उसने स्पष्ट कर दिया कि अब वह कभी ससुराल नहीं जाने वाली। यह जानकर उसकी माँ के तो जैसे पैरों तले से जमीन ही खिसक गई। बड़ी मुश्किल से तो बेटी को एमबीए करवाकर हाथ पीले किए थे। छोटी श्वेता भी तो कॉलेज जाने लगी है। पीयूष दसवीं में हो गया है। मात्र डेढ़ एकड़ का किसान बलजीत और कृष्णा ने अपनी दिन-रात की मेहनत से बच्चों को पढ़ाने का बीड़ा उठाया हुआ है। पढ़ाई के खर्चे और भारी-भरकम फीस ने कभी कृष्णा को पसंद का कपड़ा तक तन से न लगाने दिया। जो पीहर से मिल जाता उसी में सब्र कर वह दो भैंसों का दूध बेचकर हर माह कुछ न कुछ बचत करती है ताकि बच्चों की पढ़ाई-लिखाई ठीक से हो सके। अंकिता के एमबीए करते ही बलजीत ने उसके लिए लड़का देखना शुरू कर दिया। जल्दी ही गाँव से लगभग तीस किलोमीटर की दूरी पर स्थित महम में रहने वाले श्रीनिवास के लड़के अमर से उसका रिश्ता तय कर चट मंगनी पट ब्याह की कहावत चरितार्थ करते हुए हाथ पीले कर दिए। बलजीत ने चद्दर से बाहर पैर पसारते हुए बेटी को दहेज में कपड़े, गहने, घर के दैनिक उपयोग का सामान आदि भी दिए ताकि बेटी को पराये घर में किसी चीज की दिक्कत न हो। कृष्णा और बलजीत दोनों को लगता था कि बेटी सुखी रहेगी। वे उसकी जिम्मेदारी से मुक्त हो गए हैं तो कुछ दिनों में अपनी मेहनत से इधर-उधर से लिया गया उधार भी वे जल्दी ही चुका देंगे। परन्तु इतनी शीघ्र बेटी का ससुराल से मोहभंग होना उनके सपनों पर गाज गिरने के समान था। कारण चाहे कुछ भी हो पर बेटी का वापस आकर बैठना! क्या कहेंगे लोग? कहीं बेटी किसी और के चंगुल में तो नहीं है? यह आशंका भी उनके मन में उठी परन्तु भोली-भाली अंकिता का निश्छल स्वभाव उन्हें ऐसा सोचने की अनुमति नहीं दे रहा।

कृष्णा को याद आया कि महीना भर पहले जब अंकिता आई थी तो उसकी एक ही मांग थी 'माँ मेरे लिए अलग बिस्तर बना दो ताकि मैं वहाँ रहकर अलग कमरे में पढ़ाई कर सकूँ।' यह सुनकर उसके हृदय को शूल सी चुभी थी कि बेटी ऐसा क्यों कह रही है। परन्तु उसने अंकिता को सलाह दी 'अभी अपने वैवाहिक जीवन को सुदृढ़ करो पढ़ाई लिखाई तो चलती ही रहेगी।' यह कहकर कृष्णा ने बिस्तर वाली बात अगली बार पर टाल दी थी। परन्तु उसे क्या पता था कि अलग सोने का बहाना करने वाली अंकिता महीने भर बाद कभी वापस न जाने का मन बनाकर लौट आएगी। बलजीत तो बेटियों से कम बात करता है। वह बार-बार कृष्णा को अंकिता का मन लेने को कहता। स्त्री अपने दर्द-दुःख बाँट लेती है लेकिन पुरुष जैसे कुछ खास न हुआ हो, का दिखावा करते हुए भीतर ही भीतर घुलता रहता है। उधर कृष्णा के बार-बार कुरेदने पर भी शांत और उदास सी अंकिता ने कुछ भी संकेत नहीं दिया। पति के प्रति आकर्षण व मिलन के उल्लास का समापन तो ब्याह के माह भर बाद से ही कृष्णा अनुभव कर रही थी, 'परन्तु दूसरे के घर में व्यवस्थित होने में समय तो लगता ही है' सोचकर वह अपनी दिनचर्या में व्यस्त रहती। उसे तसल्ली इस बात की थी कि अंकिता ने कभी सास-ससुर, देवर, ननद, पति किसी के भी व्यवहार की, किसी तरह की कमी या दुःख की कोई शिकायत नहीं की तो उन्हें लगता रहा कि सब ठीक ही होगा।

कहते हैं न कि दीवारों के भी कान होते हैं। शायद यह सच ही होगा तभी तो अंकिता के ससुराल न जाने की बात गाँव भर में फैल गयी। अब लोगों ने उसे और चटपटी करते हुए नमक-मिर्च लगाकर तलाक की बात तक पहुंचा दिया। बात जब बाहर निकली तो बतंगड़ बनने ही थे। कुछ लोग तो आजकल लड़कियाँ कितनी बिगड़ गयी हैं का उदाहरण अंकिता का नाम लेकर देने लगे। जो भी सुनता एक वाक्य अपनी तरफ से जोड़ ही देता 'आजकल की लड़कियाँ घर कोनी बसावैं' तो कोई कहता 'देख लिया घणी पढ़ावण का नतीजा' और कोई कहता 'छोड़ दी होगी लड़के वालों ने, ये अपनी का कसूर क्यों बतावेंगे' मतलब जितने मुँह उतनी बात। जबकि इस प्रकरण से पहले यही लोग थे जो अंकिता की शराफत का उदाहरण अपनी बेटियों को देते थे।

इन सब बातों को बिना सुने भी अनुभव करते बलजीत कृष्णा बेटी के उतरे मुँह को देख खुद भी उदासी में डूब जाते। माँ भाँति-भाँति के जतन करती उसके मन की बात जानने को, परन्तु सफल न हो पाती। माँ तो माँ होती है अपनी संतान के हित उसके प्रयास कभी थमते नहीं। एक दिन गली में 'सूट ले ल्यो, सूट ले ल्यो' की आवाज सुनकर कृष्णा ने अंकिता को सुनाते हुए पीयूष से कहा 'बेटे बुला तो फेरी वाले को दो-चार अंकिता और एक सूट उसकी सास के लिए ले लेती हूँ।'

'रुक जा पीयूष' बाहर निकलते भाई को अंकिता ने रोका तो उसके पाँव ठिठक गए। 'माँ आप लोगों को कितनी बार कह चुकी कि मुझे वहाँ नहीं जाना।' उसने माँ की ओर देखते हुए कहा।

'पर क्यों नहीं जाना? कोई कारण तो हो? फिर यहाँ क्या करेगी? बाप की छाती पे मूंग दलेगी? देख तेरे छोटे बहन-भाई पर क्या असर पड़ेगा तेरे इस फैसले से। हम लोगों को क्या जवाब देंगे? कभी सोचा है तूने?' कहती हुई माँ रोने को हो आई। अंकिता कुछ जवाब देती, उससे पहले ही मोबाइल की घण्टी बज उठी। उसने मोबाइल पर आया नाम देखकर फोन काट दिया। मैट्रिक तक पढ़ी कृष्णा ने उसकी यह हरकत देखकर मोबाइल उसके हाथ से छीन लिया।

'अमर का फोन' वह बुदबुदाई और अगले ही पल वापस फोन मिला दिया। 'हेलो' 'हाँ बेटे' 'नमस्ते मम्मी। अंकिता तो पता नहीं क्यों मेरा फोन नहीं उठा रही, मैं ये कह रहा था कि मैं कल उसे लेने आ रहा हूँ।' 'ठीक है बेटा, आ जाओ, और सब ठीक हैं घर में?' 'हाँ मम्मी सब ठीक हैं।'

अपनी माँ को मेरी राम-राम कह देना बेटे।' कहकर कृष्णा ने फोन काट दिया। 'अंकिता कल अमर आ रहा है तुझे लेने, जाने की तैयारी कर ले बेटी। वो फेरी वाला भी निकल गया। अब मुझे कपड़े लेने जगदीश बनिया की दुकान पर जाना पड़ेगा।' कृष्णा ने सपाट लहजे में कहा। 'मुझे नहीं जाना माँ।' अंकिता ने धीरे से परन्तु दृढ़ निश्चय के साथ कहा। 'पर क्यों नहीं जाना?' कृष्णा ने उसे कंधों से पकड़कर झकझोरते हुए पूछा।

इस बीच पीयूष किताबें उठाकर जीने की सीढ़ियां चढ़ने लगा। श्वेता कॉलेज और बलजीत खेतों में गए हुए थे। आज कृष्णा भी अंकिता से पूरी बात जानने की ठान चुकी थी। सो, उसने अंकिता को अपने पास बिठाकर उसे गले से लगाते हुए कहा-'कारण कुछ भी हो अंकिता बताना तो पड़ेगा तुझे, नहीं तो कल जाना पड़ेगा। मैं तेरी माँ हूँ, तू अपना दुख मुझसे नहीं कहेगी तो किस से कहेगी बेटी। यदि तू पूरी बात बताएगी तो हमें भी तुझे समझने में आसानी रहेगी।' कृष्णा कारण जानने को व्याकुल थी मगर अंकिता का मौन टूटने का नाम ही नहीं ले रहा था। हार कैसे मानती तो फिर एक बार माँ के उत्तरदायित्व ने हौसला दिया- 'देख अंकिता तेरे पिता कितने चिंतित रहते हैं तेरे लिए। आये दिन लोगों को हार्टअटैक की घटनाएं हो रही हैं तेरे पापा को कहीं कुछ हो गया तो...'और वे रुआँसी हो आयी।

'माँ, मैं क्या बताऊँ, कैसे बताऊँ कि सच क्या है। आपने तो घर-नौकरी देखकर मेरा ब्याह कर दिया। मुझे भी वहाँ कोई दिक्कत नहीं किसी से...'कहते हुए अंकिता के होंठ फिर से सिल गए।'

देख बेटा बताना तो पड़ेगा तुझे। हमारी हालत देख रही है न तू। तुम तीनों की पढ़ाई-लिखाई के साथ तेरे ब्याह में उठाये कर्ज के ब्याज का भी भुगतान हम अभी तक नहीं कर पाए हैं।' 'माँ, मैं नौकरी करूँगी। पापा का हाथ बटाऊंगी, सुबह शाम आपके साथ भैंसों का, घर का काम भी करूँगी पर वहाँ मत भेजो माँ, मुझे वहाँ मत भेजो।' कहते हुए अंकिता फफक पड़ी।' पर क्यों ना भेजूँ मेरी लाडो, बात तो बता।'

'माँ, उसे मेरी जरूरत नहीं है वह किसी और लड़के के साथ...'

'लड़के के साथ...' कृष्णा हतप्रभ रह गई। उसे समझ नहीं आ रहा था कि माजरा क्या है। 'माँ, यह मुझ से तो बात ही नहीं करता है। रात को कभी माँ के पास जाकर सो जाता है तो कभी दादी के पास। अभी कुछ दिनों पहले जब ये नहाने गया हुआ था तो इसका फोन बजा। मैंने उठाया तो उधर से कहा गया, तुम कौन हो? मैंने कहा मैं उनकी पत्नी हूँ। तो उसने कहा तू इसकी कुछ नहीं है। मुझसे वादा खिलाफी नहीं कर सकता अमर। हम दोनों साथ रहेंगे। उसकी पत्नी बनकर तो मैं रहूँगा। तुम दफा हो जाओ इसकी जिंदगी से। 'क्या बकवास कर रहे हो तुम' मैंने कहा तो वह गुर्राया-'बकवास नहीं कर रहा हूँ ज्यादा चूं-चपड़ की तो खत्म कर दूँगा तुझे, न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी। और सुन यकीन नहीं आता तो वीडियो भेजता हूँ अभी, देख लेना।' और माँ उसने तत्काल दो वीडियो भेजी। जिन्हें मैंने अपने नम्बर पर फारवर्ड कर अमर के फोन से तत्काल डिलीट कर दिया।

'वीडियो दिखा' कृष्णा ने उतावली होते हुए कहा। अंकिता ने मोबाइल की गैलरी में वह वीडियो टिक कर मोबाइल माँ को थमा दिया। दो पुरुषों की ऐसी गन्दी, घिनौनी वीडियो देखकर कृष्णा की हालत खराब हो गई। यह सब तो जिंदगी में न सुना, न कल्पना की। 'कोई बात नहीं बेटी। आने दे तेरे पापा को मैं बात करती हूँ।' कुछ पल सोचकर कृष्णा ने बलजीत को फोन मिलाया- 'कहाँ हो? ज्यादा जरूरी काम ना हो तै घरां आ जाओ।' 'आऊँ सूँ' कहकर बलजीत ने फोन काट दिया। कुछ देर बाद बलजीत आ गया तो कृष्णा ने एक तरफ बैठकर सारी बात बलजीत को बताई, जिसे सुनकर बलजीत भी हैरान, परेशान हो गया। कृष्णा ने अंकिता को चाय बनाने को कहा और बलजीत को समझाने लगी कि बात बहुत गम्भीर है, तुम विपिन से बात कर लो। वह जरूर कुछ समाधान सोचेगा।' हाँ विपिन को तो मैंने वैसे भी बता दिया था कि अंकिता ससुराल जाने से मना कर रही है। उसने कहा भी था कि कोई गम्भीर बात ही होगी। वरना हमारी अंकिता ऐसा क्यों कहती।'

शाम को बड़े भाई का बेटा विपिन घर आया तो बलजीत ने उसे बुला भेजा-'आ जा विपिन आज चाय यहीं बना देगी अंकिता'

'आता हूँ काका' कहते हुए दो मिनट में ही विपिन आ गया। बलजीत ने उसे शुरू से आखिर तक सारी बात बतायी, वीडियो भी दिखाई। उसे आश्चर्य तो बहुत हुआ पर उसने यही कहा कि यह बीमारी भी अब फैल रही है। आपने सुना ही होगा दो-तीन वर्ष पहले नजदीक के ही शहर में ऐसे ही एक चक्कर में विरोध करने पर एक युवक ने अपने परिवार को ही मौत के घाट उतार दिया था। यह सुनकर बलजीत के बदन में झुरझुरी सी आ गयी। 'अब क्या होगा विपिन?' 'होगा क्या काका पहले तो कल अमर आ रहा है उससे पूछ लेते हैं। उसके बाद आगे की सोचेंगे। अगले दिन अमर के पहुँचते ही बाट जोह रहे बलजीत व विपिन ने उसे बैठक में बिठाकर चाय-पानी के बाद जानना चाहा कि मामला क्या है? अमर तो इस चालाकी में था कि जैसे अंकिता को कुछ पता न उसके घरवालों को। 'ऐसा कुछ नहीं है' कहते हुए वह पहले तो साफ मुकर गया। परन्तु विपिन ने उसे बातों में घेरते हुए कहा कि सबूत है मेरे पास।' सबूत तो तब होंगे न जब कुछ होगा' अमर को अपने रुख पर कायम देख विपिन ने उसे वीडियो दिखाई तो अमर सन्न रह गया। उसे एकदम से पसीना आ गया। 'यह तू है न दूसरे लड़के के साथ?' विपिन ने पूरे आवेश में उस पर मुक्का तानते हुए कहा। 'हाँ' कहते हुए अमर ने गर्दन झुकाकर आँखें धरती में गड़ो दी। 'अब तू यहाँ से भाग कल हम आते हैं तेरे घर अपने बाप को बता देना।' अत्यंत क्रोध में बलजीत चिल्ला पड़ा। अमर तुरन्त सटक गया। अंकिता को कलेजे से लगाये उसकी माँ रो पड़ी- 'मेरी बेटी जैसी गयी थी वैसी ही आ गयी। मैं इसकी दूसरी शादी कर दूँगी। पर जो दुहेजू होने का कलंक इस पर लग गया, इसे कैसे हटाऊँ?

---

लघु कथा

**वीना सिंह**



## कागज़ की नाव

पानी मटमैला था, लेकिन आँखें चमक रही थीं।

बरसात के बाद गाँव की उस पतली सी नाली में बहता पानी जैसे कोई समंदर हो, और उसका कप्तान—वो नन्हा बच्चा। टूटी हुई चप्पलें, आधे गीले कपड़े, गले में एक काली डोरी और हाथ मेंड्ढ कागज़ की नाव।

वो नाव उसकी कल्पना थी—कभी जहाज बन जाती, कभी युद्धपोत। और उसके होंठों पर खिलती मुस्कान, किसी विजेता की सी।

"डूबेगी नहीं?" पीछे से किसी ने पूछा।

उसने बिना मुड़े कहा, "नहीं! मेरी बनाई है। इसे सपनों से जोड़ा है, पानी से नहीं।"

दूर बैठा बूढ़ा दादा, जो कभी अपने बचपन में ऐसी ही नावें बहाया करता था, चुपचाप मुस्कुराया। उसे याद आया, बरसात में बहता पानी कभी सिर्फ पानी नहीं होता—वो बचपन की सबसे पवित्र नदी होती है, जिसमें न कोई डर होता है, न कोई कल की चिंता।

बारिश थम चुकी थी, लेकिन उसके सपनों की नाव बहती रहीड्ढ उस नाली में नहीं, उस आज़ादी में, जो सिर्फ बचपन जानता है।



कविता

**राज ख्यालिया**

## संगीत

संगीत जब मन को छू जाए,
आत्मा का द्वार खुल जाए।
धुनों में बहती सुध-बुध सारी,
जैसे हो साधना कोई प्यारी।

नाद उठे शिव का डमरू बोले,
वहीं सत्य समाधि के स्वर डोले।
कृष्ण की बंसी जब जहाँ भी गूंजे,
योग की भाषा खोजो तुम खुद में

कला बसी नृत्य की थिरकन में
चित्रकला बहती है रेखाओं में।
शब्दों की रचना में,भावों की बात,
मिले मन को शांति, स्वमं के साथ।

हस्तशिल्प की बुनावट गहरी,
मानवता की कथा कह रही।
रचनात्मकता के हर रंग में,
मन पाता है शांति उमंग में।

जब थकी लगे जीवन की चाल,
ले संगीत, चित्र या राग-माल।
मन के बोझ को हल्का कर लो,
हर चिंता को तितली कर दो।

कभी अकेले में गुनगुनाओ,
या बच्चों संग खिलखिलाओ।
कभी बिखराओ रंग सपनों के,
या थिरको सुरों के धुनों में।

कला ध्यान का सहज उपाय,
तन मन को देता सुकून प्रायः।
योग का यह नया विस्तार,
कला में प्राणों का संचार।



कविता

**डॉ .कमलेश मलिक**

## मां दुर्गा

स्मरण तुम्हारा आते ही मां
पुलकित हो जाता है तन मन

भिन्न-भिन्न रूपों में आकर
भक्तों को खूब रिझाती हो
सब की मांगे अपनी-अपनी
तुम सब पर प्यार लुटाती हो

धूप -दीप - नैवेद्य यही है
कर लाई हूं कुछ शब्द चयन

ब्रह्मचारिणी कहला कर भी
तुम गौरी मां बनकर आयीं
तुम कालरात्रि भी बनी कभी
तुम सिद्धिदात्री भी कहलायीं

हे ! कल्याणी हे! कात्यायिनी
तुमको अर्पित हैं भाव सुमन

हे! आदि शक्ति तुम जगजननी
अमृत बरसाने वाली हो
इस रूखी सूखी धरती को
तुम ही सरसने वाली हो

मैं ढूंढ रही अंतर्घट में
हाथों में मेरे है दर्पण

---

**साहित्यकार डॉ. शमीम शर्मा का कहना है कि युवा पीढ़ी पोर्नोग्राफी वीडियो को सर्च करने में अपना समय बर्बाद कर देती है, लेकिन साहित्य से जुड़ी सामग्री सर्च करने में कोई रुचि नहीं है। उन्होंने चिंता जताई कि मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखित गोदान को बच्चा अपने पाठ्यक्रम में होने के कारण उसके प्रश्न-उत्तरों को रट करके परीक्षा दे देता है। ऐसे में गोदान पढ़ने का जो मजा है, वह कैसे आएगा। प्रेमचंद तो गोदान में हैं, प्रेमचंद गोदान के प्रश्न-उत्तरों में नहीं हैं।**

साक्षात्कार

**शमशेर सैनी**

# साहित्य पठन से दूर हो रही नई पीढ़ी : डा. शमीम शर्मा

वर्तमान समय में साहित्य बहुत लिखा जा रहा है। आज हर दिन कविता की नई किताब आ रही है लेकिन चिंता का विषय यह है कि उन्हें पढ़ कौन रहा है। पुस्तकें मूल्यांकन के लिए साहित्य अकादमियों के पास पहुंच जाती हैं और डिस्ट्रीब्यूट हो जाती हैं। आज पाठक वही है, जो लेखक है। नई पीढ़ी साहित्य से दूर होती जा रही है। उनकी साहित्य में कोई रुचि नहीं है। काव्य, कहानियां, उपन्यास इन सब से युवा कोसों दूर हो गए हैं।

यह कहना है हरियाणा साहित्य जगत में महिला साहित्यकार एवं शिक्षाविद् के रूप में अपनी एक अलग पहचान रखने वाली डॉ. शमीम शर्मा का। साहित्यकार डॉ. शर्मा हरिभूमि के साथ विशेष बातचीत कर रही थीं। उन्होंने साहित्य की शुरुआत से लेकर नई पीढ़ी में साहित्य के प्रति कम होती रूचि जैसे विषय पर लंबी चर्चा की। डॉ. शर्मा ने कहा कि साहित्य क्या लिखा जा रहा है, कितना लिखा जा रहा है, यह तो बाद का प्रश्न है, जो लिखा जा रहा है, वो इतना सजावटी हो गया है कि जैसे हमारी पांडुलिपियां हैं, उन्हें लाल वस्त्रों में लपेटकर रखा गया है। वर्षों से रखी हुई है। कोई उनको पढ़ता नहीं, खोलता नहीं। मुंशी प्रेमचंद, महाकवि जयशंकर प्रसाद, महादेवी वर्मा, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला यह लाइब्रेरी की सज्जा हो गए हैं। जैसे घर में सजावट का सामान रखा हो। न उन्हें कोई गले लगाते हैं, न कोई उन्हें स्पर्श करता है। उसी तरह से किताब होती जा रही है। एक समय था जब लोग साहित्य पढ़ने को लालायित होते थे। पढ़ने का शौक इतना प्रगढ़ था कि लोग साहित्य, पात्रिकाएं किराए पर लेकर पढ़ते थे। उस समय पढ़ने का बड़ा महत्व था। आज के परिप्रेक्ष्य में हम देखते हैं कि जो पढ़ने का शौक होता था वह शौक धीरे-धीरे यह मोबाइल खा गया है। बिना साहित्य के पली पीढ़ी पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में घरों से किताबें गायब होती जा रही हैं। इसका नतीजा यह है कि युवा साहित्य से बेखबर हैं। बिना साहित्य के पली पीढ़ी समाज के लिए नुकसानदायक है। अच्छे साहित्य की पहचान न होना, अच्छे लेखकों को बेहतर मौके न मिल पाना और खराब साहित्य का प्रचलन में आना भी समाज के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि पुष्पक विमान है, जिसने रामचरितमानस पढ़ी नहीं, उसको क्या पता कि हमारे यहां हजारों साल पहले पुष्पक विमान की खोज हो चुकी थी। वर्तमान में विश्व के कई देश युद्ध के दौरान मिसाइल छोड़ रहे हैं। हमारे यहां तो महर्षि वाल्मीकि ने रामायण में 5000 साल पहले ही अग्नि बाण, वायु बाण आदि का जिक्र कर दिया था।

### सोशल मीडिया पर फर्जी फॉरवर्ड

सोशल मीडिया पर डाली पोस्टों को फर्जी फॉरवर्ड बताते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि वाट्सएप और फेसबुक करते-करते हम मैसेज यहां से वहां और वहां से वहां भेज रहे हैं। कई बार मैं देख रही होती हूं कि सोशल मीडिया में पोस्ट की गई कहानी के नीचे महादेवी वर्मा लिखा होता है, जबकि महादेवी वर्मा ने कोई कहानी लिखी ही नहीं। लोग ऐसे ही फर्जी फॉरवर्ड कर रहे हैं। सोशल मीडिया की वायरल पोस्टों में उनकी प्रमाणिकता का पता नहीं है, लेकिन भेड़ चाल की वजह से पोस्ट पर पोस्ट किए जा रहे हैं।

### प्रकाशित पुस्तकें

कुरुक्षेत्र हस्ताक्षर (लघुकथा संग्रह), अजन्मी बेटी की चिट्ठी (विचारोत्तेजक आलेख), पंचनाद (संतों की वाणी में क्रांति चेतना), चौपाल के मखौल, चौपाल के चाले. (हरियाणवी हास्य), एक बिटिया तो जरूरी है (लघुकथा संग्रह), रोशनी है हम (कविता संग्रह), मंगल सूत्र और मेडल (महिला सशक्तीकरण पर आधारित निबन्ध), कोरोना की चिंगारियां (विचारपरक निबन्ध) बेटे बेटियों में खूब फर्क है, दो नंबर वाली लक्ष्मी (विचारोतेजक आलेख), जादूभरा साथ (कविता संग्रह) प्रकाशित हो चुके हैं।



डॉ . शमीम शर्मा

### पुरस्कार व सम्मान

हरियाणा साहित्य अकादमी ने डॉ. शमीम शर्मा को वर्ष 2017 के लिए श्रेष्ठ महिला रचनाकार सम्मान से नवाजा है। वर्ष 2009 में हरियाणा सरकार द्वारा प्रकाशित हरियाणा एन्साइक्लोपीडिया का संपादन किया। हरियाणा हिंदी साहित्य अकादमी से भी उन्हें 'विशिष्ट हिंदी सेवी' पुरस्कार मिला है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय मदर टेरेसा द्वारा स्वर्ण पदक मिला। 2001 की जनगणना में सराहनीय सहयोग के लिए राष्ट्रपति के रजत पदक का सम्मान मिला।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम** : डॉ. शमीम शर्मा
**जन्म** : 17 मार्च 1959
**जन्म स्थान** : गांव जुम्बा, जिला मलोट (पंजाब)
**शिक्षा** : एमए (स्वर्ण पदक प्राप्त), एमफिल(स्वर्ण पदक प्राप्त), पीएचडी(हिन्दी) कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र।

### पहले लाइब्रेरी में सीट नहीं, अब वहां विद्यार्थी नहीं

लाइब्रेरी से जुड़े अपने अनुभव को साझा करते हुए डॉ. शमीश शर्मा ने कहा कि जब हम लाइब्रेरी में पढ़ने के लिए जाते थे तो हमें बैठने को सीट तक नहीं मिलती थी, लेकिन वर्तमान में लाइब्रेरी में सीट तो हैं, परंतु विद्यार्थी नहीं मिलते। डॉ. शर्मा ने बताया कि साहित्य से जुड़े होने के कारण मैंने अपने कॉलेज में भी लाइब्रेरी के लिए स्पेशल एक पीरियड बनाया हुआ है। उसमें हम बच्चों को धक्के से लाइब्रेरी में लेकर जाते हैं, ताकि बच्चे वहां जाकर पढ़ें। साहित्य के प्रति रुचि बढ़ाने पर जोर देते हुए साहित्यकार डॉ. शमीम शर्मा ने कहा कि समाज में हमें युवाओं को पढ़ाने की तरफ अग्रसर करना होगा। उनको प्रेरित व जागरूक करना होगा कि बिना साहित्य पढ़े, हमें न तो अपने अतीत का पता चलेगा और न ही हम अपने भविष्य की सोच पाएंगे।

---

# समाज की परतों को उजागर करती 'ताश का घर'






**पुस्तक : ताश का घर**
**लेखिका : सविता स्याल**
**मूल्य : 250 रुपये**
**प्रकाशक : कौशिक पब्लिशिंग हाउस**

पुस्तक समीक्षा

**डॉ. अंजना गर्ग**

साहित्य सदा से समाज का दर्पण रहा है, और लघुकथा उस दर्पण की सबसे सजीव छवि। सविता स्याल समकालीन हिंदी साहित्य की एक सशक्त और संवेदनशील रचनाकार है, जिनकी लेखनी समाज के भीतर बहती भावनात्मक धाराओं को गहराई से छूती है। उनकी लेखनी एक ओर जहां समाज की विडंबनायों को उजागर करती है वहीं दूसरी ओर उम्मीद और आत्मबल का स्वर भी रचती है।

'ताश का घर' लेखिका सविता स्याल द्वारा रचित एक सशक्त लघुकथा- संग्रह है, जो समकालीन समाज की विविध परतों को बड़ी सादगी और गहराई से उजागर करता है। यह संग्रह न केवल मानवीय संबंधों की पड़ताल करता है बल्कि उन मौन द्वंदों और विसंगतियों को भी सामने लाता है जिन्हें अक्सर समाज के बहाव में अनदेखा कर दिया जाता है। सविता स्याल ने अपनी लघु कथाओं में समाज के विभिन्न पहलुओं को उकेरा है जैसे ' दोषी कौन', ' मी टू', ' मृगतृष्णा' , ' रक्षक/ भक्षक', ' वापसी' जैसी लघुकथाएं इसका उदाहरण है। बाल मनोविज्ञान पर लिखी लघुकथाएं जैसे ' जूम वाली दादी' एवं ' एक दोस्ती ऐसी भी' एक अलग ही प्रभाव छोड़ती हैं। मानवी संवेदनाओं से ओतप्रोत ' दूसरी मां' तथा ' डील' भी संग्रह की खूबसूरत रचनाएं हैं और मानव मन पर एक अलग ही प्रभाव छोड़ती है। 'श्राद्ध' एक अनूठे प्यार की लघुकथा है जिसमें पति पारंपरिक लीक से हटकर पत्नी का श्राद्ध करता है। शीर्षक कथा ' ताश का घर' की बात करें तो जिसके माध्यम से लेखिका ने बिना विवाह किए साथ रहने वाले युवाओं को उसके दुष्परिणामों के बारे में सचेत किया है। यह लघुकथा बहुत से नौजवानों को राह दिखाने का काम करेगी। हर लघुकथा एक सामाजिक प्रश्न खड़ा करती है। कई लघुकथाओं में लेखिका ने उनका समाधान भी बताया है परंतु कुछ लघुकथाएं पाठकों के लिए छोड़ दी हैं जिनका उत्तर पाठक को स्वयं तलाशना होगा। सविता स्याल की भाषा सरल, संवेदनशील और बिंबात्मक है। शैली संवाद प्रधान होने के साथ-साथ सूक्ष्म व्यंग्य और भावनात्मक गहराई का सुंदर संयोजन है। ' ताश का घर' उन साहित्य प्रेमियों के लिए एक अनिवार्य संग्रह है जो लघुकथा को केवल रचना नहीं सामाजिक संवाद मानते हैं। यह पुस्तक विद्यार्थियों, शिक्षकों, सामाजिक शोधकर्ताओं और संवेदनशील पाठकों के लिए उपयोगी है। लेखका को ढेरों शुभकामनाएं एवं आशा करती हूं कि इस प्रथम लघुकथा संग्रह के बाद उनकी कलम लगातार लघुकथा सर्जन पर भी चलती रहेगी।

## खबर संक्षेप

### चांदुवाड़ा में वीर बर्बरीक नाटक का भव्य मंचन

**नारनौल।** श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांदुवाड़ा के मंच पर शनिवार रात्रि प्राचीन नाट्य कला मंडल की ओर से वीर बर्बरीक नाटक का भव्य मंचन किया गया। यह नाटक स्कन्द पुराण पर आधारित बाबा श्याम के त्याग की धार्मिक कथा पर आधारित रहा। जिसमें वीरता, भक्ति और धर्म की गहराई को मंच के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

### पुलिस व पत्रकार एक दूसरे के पूरक: डीएसपी

**मंडी अटेली।** पुलिस थाना परिसर अटेली में पुलिस एवं पत्रकारों की वार्ता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों व पत्रकारों ने आपसी सामंजस्य बढ़ाने तथा अपराधों पर रोक लगाने पर महत्वपूर्ण सुझाव सांझा किए। पुलिस उप अधीक्षक भारत भूषण ने कहा कि पुलिस और पत्रकार एक दूसरे के पूरक होते हैं। सामाजिक संतुलन तथा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

### स्वदेशी से आत्मनिर्भर भारत को दें मजबूती

**नारनौल।** भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने आमजन से अपील की है कि दीपावली पर्व पर चाइनीज लाइटों के बजाय स्वदेशी मिट्टी के दीयों व मोमबत्तियों का प्रयोग करें। जिससे स्थानीय कारीगरों और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत कदम होगा।



### दुराई-टनकपुर ट्रेन का अटेली स्टेशन पर ठहराव आज

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। दुराई से टनकपुर जाने वाली एक्सप्रेस गाड़ी का ठहराव अब अटेली रेलवे स्टेशन पर भी किया जाएगा। यह ठहराव आज सायं आठ बजकर 55 मिनट होगा। इस मौके पर भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह अटेली स्टेशन पर पहुंचकर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उनके साथ पूर्व विधायक सीताराम यादव एवं रेलवे के सीएमई आरके शर्मा भी मौजूद रहेंगे।

### शिविर में 126 रोगियों की जांच

**महेंद्रगढ़।** यादव सभा एवं राहत ग्रुप के तत्वाधान में यादव धर्मशाला के सभागार में 184वां निःशुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अध्यक्षता पूर्व प्रधान यादव सभा एवं वर्तमान अध्यक्ष राहत ग्रुप एवं जिला वेद प्रचार मंडल प्रधान डॉ. प्रेम राज यादव ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ यज्ञ से किया गया, जिसमें आर्य समाज प्रधान एवं यादव सभा उपाध्यक्ष पंडित भूपेंद्र सिंह आर्य ने यज्ञ पुरोहित की भूमिका निभाई। डॉ. विकास यादव नांगल नुनिया ने संपूर्ण कैंप का खर्चा वहन किया। उन्होंने 51 हजार रुपये दान दिया। हर मास की भांति यह शिविर भी मास के प्रथम रविवार को आयोजित किया गया।

### आज से मनेगी दो दिवसीय महर्षि वाल्मीकि जयंती

**नारनौल।** श्री महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर तालाब बहादुर सिंह चौक स्थित सभा भवन में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 6 अक्टूबर को दोपहर 12:15 बजे से भंडारा आयोजित किया जाएगा। रात्रि 9:15 बजे हरिकीर्तन होगा। यह जानकारी देते हुए सभा प्रधान जोगेंद्र सिंह जैदिया ने बताया कि 7 अक्टूबर को मुख्य कार्यक्रम होगा। दोपहर एक बजे शोभा यात्रा का प्राचीन वाल्मीकि मंदिर दशमेश नगर से प्रारंभ होगा। मुख्य समारोह शाम 7:15 बजे होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव होंगे, जबकि अध्यक्ष भाजपा जिलाध्यक्ष यतेंद्र राव होंगे। जैदिया ने समाज के सभी लोगों से इन कार्यक्रमों में बढ़–चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

---

## रोटरी क्लब रेवाड़ी मेन का पदस्थापना समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया

# नेहा शर्मा अध्यक्ष व अनुकूल शर्मा सचिव नियुक्त, दोनों को पदभार ग्रहण कराया गया

*क्लब ने तीन महीनों में 1300 यूनिट से अधिक रक्त एकत्र किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

रोटरी क्लब रेवाड़ी मेन का पदस्थापना समारोह दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित रिसॉर्ट में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर रोटेरियन नेहा शर्मा को वर्ष 2025-26 के लिए अध्यक्ष और अनुकूल शर्मा को सचिव नियुक्त किया गया। दोनों को औपचारिक रूप से कॉलर पहनाकर पदभार ग्रहण कराया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नामित धीरज भूटानी थे, जबकि असिस्टेंट गवर्नर डा. उमा गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष नेहा शर्मा ने क्लब की ओर से किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब रेवाड़ी मेन पिछले 92 दिनों से रोटरी किचन चला रहा है, जिसमें जरूरतमंद लोगों को 10 रुपये में भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते क्लब के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

इस अवसर पर, रमेश धमीजा, चरणजीत बत्रा, वेद प्रकाश कथूरिया, सुभाष मंगला, दलीप सैनी, राज रानी, डा. नवीन अदलखा, डा. दीपिका सचदेवा व बीएस गुलाटी को सेवाओं के लिए गौरव रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, रोटरी सेवा केंद्र के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि क्लब ने पिछले तीन महीनों में रक्तदान अभियानों के माध्यम से 1300 यूनिट से अधिक रक्त एकत्र किया है।

क्लब की अध्यक्ष ने रोटरी क्लब की ओर से समय-समय पर चलाए जाने वाले अन्य स्वास्थ्य देखभाल परियोजनाओं, जैसे स्तन कैंसर जागरूकता, मैमोग्राफी शिविर, नेत्र शिविर और दंत चिकित्सा जांच की भी जानकारी दी। उन्होंने क्लब के सुचारू संचालन के लिए अपने बोर्ड की भी घोषणा की और सभी ने अपनी जिम्मेदारियों के प्रति शपथ ली।

### ये रहे समारोह में मौजूद

समारोह में जिला भाजपा अध्यक्ष वंदना पोपली, हिमांशु पालीवाल, प्रवीण शर्मा, गौरव शर्मा, जतिन अरनेजा, धीरज यादव, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील संदलिया, ब्राह्मण सभा के प्रेस सचिव रमेश वशिष्ठ, डा. नीरज, डा. पूनम जैन, अमित यादव, अदिति यादव, जिला सचिव प्रवीण सांघी, हितेश वर्मा, रोटरी क्लब नारनौल से नरेश गोगिया, लायंस क्लब के अध्यक्ष ऋषि सिंघल, संजीव अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, राजेश गुप्ता, पीडीजी जितेंद्र गुप्ता, डा. दीप्ति सिंह गुप्ता, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जे के गौड़, सुरेश भसीन, समीर गुप्ता, तृप्ति गुप्ता, अरविंद कनोजिया, सीमा जालान, रोटरी क्लब भिवाड़ी शक्ति सरिता के अध्यक्ष, रोटरी क्लब भिवाड़ी के पूर्व अध्यक्ष नीरज झालानी, मनोज यादव, आरसीसीआई के अध्यक्ष कृष्ण कुमार, आरसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एसएन शर्मा, हितेश वर्मा, राजकुमार चौधरी, एडवोकेट राजकुमार, डा. मनीष तनेजा, सुधीर मक्कड़, दीपक शर्मा, रविंदर कौशिक, मनोज चक्रवर्ती, सोनिया चक्रवर्ती, डा. सौरभ यादव, समीर भाटिया, रजत वर्मा, तमन्ना वर्मा, संजय कुमार, धीरज यादव व वेद प्रकाश कथूरिया सहित मौजूद थे। डीजीएनडी धीरज भूटानी ने सभी को पिन लगाकर रोटरी क्लब में आधिकारिक रूप से शामिल किया। कार्यक्रम के दौरान रोटरी थीम पर आधारित एक चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। डा. नवीन अदलखा ने कार्यक्रम के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अरुण गुप्ता और अक्षमा यादव ने मंच संचालन किया।

क्लब सचिव अनुकूल शर्मा ने कहा कि रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी मेन जरूरतमंदों के लिए समर्पित रूप से काम करता रहा है और भविष्य में भी ऐसे कई सेवा कार्य करता रहेगा।

---

### बिजली की पुरानी व जर्जर तारों ने किसान के सपनों पर पानी फेरा

**कनीना।** कनीना विकास खंड के गांव गुढ़ा में बिजली के पुराने व जर्जर तार टूटने से निकली चिंगारी ने किसान के सपनों पर पानी फेर दिया। इस बारे में किसान योगेश कुमार ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपने ट्यूबवेल पर अपनी तथा अन्य किसानों की करीब 50 एकड़ बाजरे की कड़बी एकत्रित की हुई थी, जो पशु चारे के काम आती है।पीड़ित किसान ने बताया कि तीन अक्टूबर करीब दोपहर 12 बजे बिजली के तार टूटकर गिरने से निकली चिंगारी के कारण कड़बी में आग लग गई। आगजनी पर काबू पाने के लिए ग्रामीण आगे बढ़े तो बिजली की तार टूटी होने तथा उसमें विद्युत का धारा प्रवाह होने के कारण चार ग्रामीण करंट की चपेट में आने से बाल बाल बच गए। इसके बाद ग्रामीणों ने नजदीक आने की बजाए दूर से आग पर नियंत्रण पाने के प्रयास किए, लेकिन असफल रहे। इसके बाद उन्होंने डायल 112 व दमकल केंद्र में आगजनी की सूचना दी। कनीना व महेंद्रगढ़ से आई दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियों तथा पुलिस व ग्रामीणों की मदद से करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आगजनी पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था।

---

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में कारगर होगी लाडो लक्ष्मी योजना

*योजना का लाभ लेने के लिए पात्रताएं तय*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

हरियाणा सरकार की ओर से महिलाओं के लिए अनेक की योजनाएं चला रही है। सरकार की ओर से महिलाओं के हित व आर्थिक मदद देने के लिए और आत्मनिर्भर बनाने के लिए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना शुरू की है, जिसमें पात्र महिला को हर महीने 2100 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति अच्छी हो, इसके लिए हरियाणा सरकार ने योजना शुरू की है। योजना का लाभ लेने के लिए कुछ पात्रताएं तय की हैं, जिन्हे पूरा करने वाली महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा। योजना का लाभ केवल हरियाणा में रहने वाली महिलाओं को मिलेगा। आवेदन केवल 23 से 60 साल की महिलाओं के लिए होगा। इसके अलावा महिला की पारिवारिक आय एक लाख रुपये से कम होनी चाहिए और उसका या उसके पति का हरियाणा में कम से कम 15 साल से स्थायी निवास होना आवश्यक है। अविवाहित महिलाओं के लिए भी यही नियम लागू हैं। वहीं अगर किसी महिला को पहले से किसी अन्य योजना के तहत लाभ ले रही है, तो उन्हें इस योजना के तहत लाभ नहीं दिया जाएगा। किसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मिलने वाला अन्य लाभ योजना में शामिल महिलाओं को दिया जाएगा।



रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा।

### ऐसे होगा आवेदन

लाड़ो लक्ष्मी योजना में आवेदन के लिए अपने फोन में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी एप डाउनलोड करें और अपना मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी से वेरिफिकेशन करें। इसके बाद जिस महिला के नाम से आवेदन करना है, उसकी पूरी जानकारी दर्ज करें। इसके बाद लाभार्थी महिला के घर का पता और परिवार के सभी सदस्यों की डिटेल भरनी होगी। सभी जानकारी सही भरने के बाद सबमिट करना होगा।

---

## धानक समाज की नाहड़ ब्लॉक कमेटी का गठन, मुकेश कुमार बने प्रधान

*कोसली स्थित समारोह स्थल में पर हुई बैठक में कई मुद्दों पर भी चर्चा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोसली

रविवार को धानक समाज नाहड़ ब्लॉक की मीटिंग कोसली स्थित समारोह स्थल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सूबेदार रामकिशन इंदोरा ने की। मीटिंग का संचालन दयाराम मोरवाल ने किया। इस मौके पर समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। मीटिंग में समिति के संरक्षक ओमप्रकाश डाबला, प्रधान हेडमास्टर वेदप्रकाश, महेंद्रसिंह रिटायर्ड प्रिंसिपल, जेई विजय डाबला, रवि प्रकाश इंदोरा, रामोतार नाहड़, प्रो. राजेश, प्रो. हरिओम खनगवाल, रवि प्रकाश इंदोरा व प्रो. बॉलयोगेश्वर ने अपने विचार रखे। इस मौके पर निर्णय लिया गया कि समाज को नशे की बुराई से दूर रखने का प्रयास किया जाएगा तथा शिक्षा के प्रति समाज के लोगों को जागरूक किया जाएगा।



रेवाड़ी। बैठक में मौजूद धानक समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

समिति ने समाज के बच्चों के लिए कोचिंग की व्यवस्था करने का भी निर्णय लिया। मीटिंग के बाद धानक समाज की नाहड़ ब्लॉक कमेटी का गठन किया गया, जिसमे मुकेश कुमार जुड्डी को प्रधान, नरेश कुमार इंदोरा भैहरामपुर को उप-प्रधान, मोहित इंदोरा को महासचिव, बिक्रम सिंह कान्हड़वास को सह सचिव, राकेश को कोषाध्यक्ष, मातूराम डाबला को सह कोषाध्यक्ष, प्रेस सचिव संदीप डाबला, समन्वयक प्रताप सिंह नाहरगढ़, संरक्षक रामोतार नाहड़ तथा फकीर चंद इंदोरा कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया।

### मौजूद रहे

इस अवसर पर संदीप सोलंकी, मोहिंदर सिंह, राजकुमार, किरोड़ी लाल, नफे सिंह, भगत सिंह, राकेश खनगवाल, सुभाष, उमीर सिंह, श्रीचंद व प्रमोद इंदोरा सहित समाज के अनेक लोग मौजूद थे।

---

## सभी वर्गों का चहुंमुखी विकास ही भाजपा सरकार की प्राथमिकता : लक्ष्मण यादव

*विधायक ने धारुहेड़ा में व्यापारियों को किया संबोधित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से किए गए वायदे को पूरा करते हुए जीएसटी की दरों में भारी कटौती कर लोगों को दीपावली का बड़ा तोहफा दिया है। इस कटौती का पूरा लाभ जनता तक पहुंचे, इसके लिए व्यापारी वर्ग इस दिशा में कार्य करें। इस कटौती के बाद क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है तथा लोग जमकर खरीददारी करने के घरों से बाहर आ रहे हैं। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव धारुहेड़ा में जीएसटी विभाग की ओर से आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में व्यापारियों को संबोधित कर रहे थे। नगर पालिका धारुहेड़ा चेयरमैन कंवर सिंह व उपमंडल अधिकारी सहित पार्टी पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर विधायक जीएसटी अधिकारियों के साथ धारूहेड़ा के बाजार में भी पहुंचे तथा जीएसटी की नई दरों संबंधी स्टीकर भी दुकानों पर चस्पा किए व दुकानदारों से जीएसटी कटौती का लाभ आम आदमी तक पहुंचाने का आह्वान किया।



रेवाड़ी। व्यापारियों को संबोधित करते विधायक लक्ष्मण यादव। फोटो : हरिभूमि

विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री की ओर से वस्तु एवं सेवा कर की दरों में कटौती करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जिससे प्रत्येक वर्ग को भारी लाभ मिलना शुरू हो गया है। मोदी सरकार का यह कदम देश को विकास के पंख लगाने के साथ-साथ आम आदमी को महंगाई से राहत पहुंचाने का भी कार्य कर रहा है। एक गृहणी को इस कदम से काफी राहत मिली है।

### जीसीटी की कटौती से आमजन तक लाभ पहुंच रहा

उन्होंने व्यापारियों से जीसीटी की कटौती दर का लाभ आमजन तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी वर्गों का चहुंमुखी विकास ही भाजपा सरकार की प्राथमिकता रही है। उसी तर्ज पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही है, जिनका लाभ आम आदमी को मिल रहा है। इस अवसर नगर पालिका के वाईस चेयरमैन अजय जांगड़ा, विभागीय अधिकारी, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित अनेक व्यापारी मौजूद थे।

---

### कबीर आश्रम में 63 कन्याओं की विधि विधान से की पूजा

**नारनौल।** सेवा भारती शाखा के तत्वावधान में कबीर आश्रमए इंदिरा कॉलोनी में कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 63 कन्याओं की पारंपरिक विधिविधान से पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम की शुरूआत कन्याओं के चरण धोकर व पूजा कर जय माता दी के उद्घोष के साथ की गई। इसके बाद सभी बालिकाओं को स्वादिष्ट हलवा, पूरी, सब्जी व प्रसाद खिलाया गया। इसके उपरांत सेवा भारती के कार्यकर्ताओं ने सभी कन्याओं को स्टेशनरी पेन, पेंसिल, कॉपी व अन्य अध्ययन सामग्री भेंट स्वरूप प्रदान की। सेवा भारती शाखा अध्यक्ष अशोक सिंघल ने कहा कि कन्या पूजन भारतीय संस्कृति की जीवंत परंपरा का प्रतीक है। यह केवल एक धार्मिक क्रिया नहीं, बल्कि समाज में नारी के प्रति सम्मान, स्नेह और सुरक्षा के संकल्प को दोहराने का अवसर है। आज के युग में जब समाज में नारी सशक्तिकरण की आवश्यकता पहले से अधिक महसूस की जा रही है।

---

## गांव सलीमपुर की सरपंच ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा मांगपत्र

- गौरव पथ से लेकर हवा सिंह के ट्यूबवेल तक की फिरनी को बनवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। मंडी अटेली

गांव सलीमपुर की सरपंच आरती यादव ने अटेली से विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव को उनके चंडीगढ़ निवास स्थान पर नौ सूत्री मांग पत्र सौंपा। स्वास्थ्य मंत्री को दिए गए मांग पत्र में बताया कि गौरव पथ से लेकर हवा सिंह के ट्यूबवेल तक की फिरनी को बनवाया जाए। एससी एवं बीसी चौपाल की चारदीवारी के साथ गेट व टाईल लगवाई जाए। खेल ग्राउंड की चारदीवारी एवं रनिंग ट्रेक बनवाया जाए। खेल ग्राउंड में 100 फुट का झंडा लगवाया जाए। गांव में बणी की चारदीवारी एवं तार बाड़ करवाई जाए। लोक निर्माण विभाग के रोड़ पर दिलीप सिंह के ट्यूबवेल से अमीलाल मास्टर के खेत तक रास्ते को पक्का करवाया जाए। भूप सिंह के घर से दिलीप सिंह के ट्वेल्थ का रास्ता पक्का करवाया जाए। गांव में खेल ग्राउंड एवं पंचायत घर में हाई मास्क लाइट लगाई जाए। गांव में पार्क बनवाकर ओपन जिम खुलवाई जाए। गांव में ई लाइब्रेरी बनवा जाए, ताकि गांव के बच्चों को पढ़ने में असुविधा न हो। इस मौके पर सलीमपुर की सरपंच आरती यादव ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री ने मांगों पर पूरा करने का आश्वासन दिया है।



मंडी अटेली। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव को ज्ञापन सौंपती सरपंच आरती।

---

**कार्यक्रम** प्रदेश स्तरीय सामाजिक संगठन आवाज फाउंडेशन का स्थापना दिवस मनाया

# समाज सेवा के उद्देश्य से बना फाउंडेशन आज एक वटवृक्ष बन चुका

- सामाजिक सम्मान समारोह में प्रतिभाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

रविवार को प्रदेश स्तरीय सामाजिक संगठन आवाज फाउंडेशन की ओर से दसवां स्थापना दिवस मनाया गया। हरियाणा टूरिज्म विभाग के सैंडपाइपर पर्यटन रिसॉर्ट में सामाजिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता पूर्व राजदूत आजाद सिंह तूर ने की। मंच संचालन एडवोकेट राजकुमार जलवा पूर्व बीईओ व आलोक भांडोरिया ने किया। इस मौके पर फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र रंगा लिसानिया, प्रदेश महासचिव सूबेदार मेजर सत्य नारायण सांभरिया निमोठ, कैप्टेन बलबीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष डा. शिवताज सिंह, बाबूलाल नारनौलिया, राम सिंह, मैनेजर चांदराम, मैनेजर रघुबीर सिंह जलवा, इंस्पेक्टर रवि दत्त सीहा, राजेन्द्र सिंह गहलौत खोल, जिला अध्यक्ष घनश्याम टांकड़ी, बुधराम पंवार, भगत सिंह सांभरिया, सुमेर सिंह, जिला अध्यक्ष महेंद्रगढ़ ओमप्रकाश व अजीत सिंह ने मुख्य अतिथि राम निवास पूनिया का लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। फाउंडेशन के महिला सैल की प्रदेश अध्यक्षा राष्ट्रपति अवार्डी रोशनी देवी, जिला महिला सैल की अध्यक्षा रेनू कुमारी पथरवा व रेनू टांकड़ी ने विशिष्ट अतिथि कमला तूर व डा. निर्मल बाहगोतिया का स्वागत किया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व संस्था के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य डा. शिवताज सिंह, राम सिंह रिटायर्ड असिस्टेंट कमांडेंट, मैनेजर चांदराम, इंस्पेक्टर रविदत्त, रघुबीर सिंह जलवा, सुमेर सिंह, अजीत सिंह, बाबूलाल दास, डा. अशोक कुमार, कैप्टन बलबीर सिंह, पूर्व सरपंच ओमप्रकश, रवि, घनश्याम टांकड़ी, रेनू टांकड़ी, रेनू पथरवा, सतीश, पूर्व पंच ओमप्रकाश, उमेश कुमार व डा. मामराज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। संस्था अध्यक्ष रामचंद्र रंगा ने सभी का आभार जताया।

समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी राजेन्द्र कुमार सांभरिया गुरुग्राम, पूर्व पार्षद जगन सिंह नूह, समाजसेवी रमेश ठेकेदार, डा. कंवर सिंह ईएनटी सर्जन, एडवोकेट राजकुमार जलवा, मैनेजर रामानन्द, डा. अशोक कुमार, भूप सिंह भारती, श्रीगोपाल दास कबीर पंथी, बलवान सिंह रंगा व संतराम रंगा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आवाज फाउंडेशन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र रंगा लिसानिया तथा प्रदेश महासचिव सूबेदार मेजर सत्य नारायण सांभरिया निमोठ को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि आर एन पूनिया ने कहा कि समाज सेवा के उद्देश्य से किया गया आवाज फाउंडेशन का गठन आज एक वटवृक्ष बन चुका है। आजाद सिंह तूर ने कहा कि संस्था अपनी सामाजिक गतिविधियों को निरंतर जारी रखे और हरियाणा से बाहर भी अपना प्रकाश फैलाएं।

---

### राजस्थान के प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने की लोगों से मुलाकात

**नारनौल।** राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं पूर्व मंत्री टीकाराम जूली ने शहर में अशोक बोहरा के निवास पर पहुंचे तथा उनसे मुलाकात की। पूर्व मंत्री जूली के आगमन की खबर पाकर अनेक गणमान्य लोग अशोक बोहरा आवास पर उनके स्वागत को पहुंचे। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सूरज बोहरा, संजय पटीकरा, व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री सुरेंद्र चौधरी सहित काफी गणमान्यजन मौजूद रहे। जूली झुंझूनं में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेने उपरांत नारनौल आए थे। राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के नेता, पूर्व मंत्री एवं अलवर ग्रामीण से वर्तमान विधायक टीकाराम जूली गुरुनानकपुरा पहुंचे।

## खबर संक्षेप



### शिक्षकों ने क्षमता संवर्धन कार्यशाला में लिया भाग

रेवाड़ी। दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल रेवाड़ी के शिक्षकों ने दो दिवसीय शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला का आयोजन डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-37 फरीदाबाद में किया गया। शिक्षकों ने अपने शिक्षण कौशल में निखार लाने के लिए कार्यशाला में नवीन शिक्षण पद्धतियों की जानकारी हासिल की। शिक्षकों ने कार्यशाला में आर्ट एंड क्रॉफ्ट, कोलाज व पेंटिंग सहित अनेक गतिविधियों में भाग लिया।



### शहर को सुंदर बनाने को चलाया सफाई अभियान

रेवाड़ी। हरियाणा शहरी स्वच्छ अभियान के अंतर्गत रेवाड़ी शहरी क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए रविवार को विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के नेतृत्व में म्हारा रेवाड़ी स्वच्छ रेवाड़ी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सरकुलर रोड पर रेलवे चौक से निरंकारी भवन तक सफाई कार्य किया गया। अभियान से जुड़े शहरवासियों ने विधायक के साथ हाथों में झाडू लेकर सड़कों पर सफाई की। सड़क के दोनों ओर जमीं गंदगी व मिट्टी को भी साफ किया गया। विधायक ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से चलाए जा रहे शहरी स्वच्छता अभियान से जिले के शहरी क्षेत्र आने वाले समय में सफाई व्यवस्था में होने वाली रैंकिंग में उम्दा प्रदर्शन करेंगे। शहर का प्रत्येक आमजन सफाई योद्धा के रूप में शासन-प्रशासन की ओर से चलाई जा रही स्वच्छता मुहिम में भागीदार बन रहा है।

### करवाचौथ पर पूजा का अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:47 से 12:33 तक

# करवाचौथ पर्व को लेकर महिलाओं में उत्साह बाजार में श्रृंगार खरीदने के लिए लगी भीड़



रेवाड़ीमें दुकान पर करवा चौथ के लिए चूड़ियां पंसद करती सुहागिनें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भारत पर्वों का देश माना जाता है। जितने त्योहार व धार्मिक आयोजन भारत देश में होते हैं, उतने विश्व के किसी भी देश में नहीं होते। अक्तूबर व नवंबर माह त्योहारों का माह माना जाता है। विजय दशमी पर्व के बाद करवाचौथ, अहोई अष्टमी, धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन, भाईदूज व छठ पर्व भी इसी दौरान आते हैं। करवाचौथ पर सुहागिनें अपने सुहाग की दीर्घायु के लिए व्रत रखती हैं। यह पर्व 10 अक्तूबर को मनाया जाएगा। इस पर्व को प्रेम और विश्वास का पर्व माना जाता है। भारतीय विवाहित महिलाओं के लिए एक चुटकी सिंदूर का बड़ा ही महत्व है। महिलाओं के लिए श्रृंगार का विशेष महत्व है। जहां वे पारंपरिक रुप से सजती संवरती हैं, वहीं विवाह के समय ओढ़ी गई चुनरी भी ओढ़ती हैं। शहर के मोती चौक बाजार, सर्राफा बाजार, पंजागी मार्केट व शॉपिंग मॉल्स में सौंदर्य सामग्री खरीदने के लिए महिलाओं का तांता लगा हुआ है।

### करवाचौथ पर सुहागिनें अपने सुहाग की दीर्घायु के लिए व्रत रखती हैं

**प्रदोषवेला**
शाम 5:58 से 8:28 तक रहेगी रेवाड़ी में रात 8:16 पर होगा चंद्रोदय

**पूजन सामग्री**
में मिट्टी के बने करवे का विशेष महत्व है, लेकिन आधुनिकता के इस दौर और बदलते परिवेश में पूजन सामग्री भी काफी हद तक बदल गई है।



रेवाड़ी। करवाचौथ पर्व को लेकर पंजाबी मार्केट में महिलाओं की भीड़।

### चतुर्थी वाले दिन सरगी से होता व्रत का आरंभ

इस व्रत के अंतर्गत शिव, पार्वती, गणेश और चंद्रमा का पूजन किया जाता है। इस व्रत का आरंभ चतुर्थी वाले दिन सरगी से होता है। सरगी से तात्पर्य उस उपहार से है जो इस दिन सास अपनी बहू को वस्त्र, आभूषण, मिठाई आदि देती है। ऐसी मान्यता है कि इस सरगी से बेटे और उसकी पत्नी के सौभाग्य में वृद्धि होती है। महिलाएं सरगी के रुप में मिली मिठाई और अन्य भोज्य पदार्थों को दिन निकलने से पहले ही खा लेती हैं और इसके बाद पूरा दिन निर्जला रहते हुए रात्रि को चंद्रमा के दर्शन के बाद अपना व्रत खोलती हैं। व्रत वाले दिन महिलाएं अपने हाथों में मेहंदी रचाती हैं और पूरा साज-श्रृंगार कर शाम को पार्क अथवा किसी खुले स्थान पर पूजा के लिए एकत्रित होती हैं। करवाचौथ की कथा सुनने के बाद बहू अपनी सास के पांव छूकर उनसे आशीर्वाद लेती हैं और उन्हें करवा सहित उपहार व मिठाईयां भी भेंट करती हैं। रात्रि में चंद्रमा निकलते ही छलनी के माध्यम से अपने पति का मुख देखकर चंद्रमा को अर्ध्य देती हैं और पति के हाथों पानी पीकर व्रत का समापन करती हैं।

> जितने त्योहार व धार्मिक आयोजन भारत देश में होते हैं, उतने विश्व के किसी भी देश में नहीं होते

### करवा चौथ पर ऐसे करें पूजन

करवाचौथ पर श्रृंगार का सामान, चुनरी, चूड़ी, बिंदी, मेहंदी, सिंदूर, छलनी, मिट्टी का बर्तन, गंगाजल, कुमकुम चंदन, अक्षत, पुष्प, धूप, दीप, मीठा, कच्चा दूध व घी आदि सामग्री थाली में रख लें, फिर विधि विधान से पूजन करें व कथा सुनें। पूजा के बाद व चांद को अर्ध्य देने के बाद, अपने पति के हाथों से पानी पीकर व्रत का पारण करें।

### करवाचौथ पर रात 8:16 के बाद होंगे चंद्र दर्शन



अजय शास्त्री
ज्योतिषाचार्य

कार्तिक कृष्णपक्ष श्रीगणेश चतुर्थी को करवाचौथ का व्रत रखा जाता है। करवाचौथ को करक चतुर्थी के नाम से भी जाना जाता है। करक यानि मिट्टी के पात्र से महिलाएं चंद्रमा को अर्ध्य देती है। इस बार 10 अक्टूबर को करवाचौथ व्रत व चंद्रोदय को अर्ध्य दान होगा। ज्योतिषाचार्य अजय शास्त्री ने कहा कि यह व्रत विवाहित महिलाओं के लिए महाव्रत की तरह है। चतुर्थी तिथि के स्वामी भगवान गणेश को माना जाता है, इस दिन सर्वप्रथम गणेश गौरी, चौथ माता व चंद्रमा की पूजा करनी चाहिए। महिलाएं दिनभर अपने पति की लम्बी दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत करती है, ऐसा करने से चौथ माता अखंड सौभाग्यवती का आशीर्वाद देती है। रात में चांद का दीदार करने और छलनी से पति का चेहरा देखने के बाद महिलाएं इस व्रत को पारण करती हैं। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि करवाचौथ पर पूजा का अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:47 से 12:33 तक, वही प्रदोषवेला शाम 5:58 से 8:28 तक रहेगी। करवाचौथ पर रोहिणी नक्षत्र में पूजा की जाएगी। रोहिणी नक्षत्र 27 नक्षत्रों में सभी से सौंदर्य व चंद्रमा का अत्यंत स्नेही नक्षत्र होने से करवाचौथ सौभाग्य के लिए विशेष सुखदायी माना जाता है। रेवाड़ी समयानुसार रात 8:16 पर चंद्रोदय होगा।

## आज मनाई जाएगी शरद पूर्णिमा, मंदिरों में होंगे धार्मिक आयोजन

रेवाड़ी। सोमवार 6 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा पर मंदिरों में धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। आश्विन शुक्लपक्ष पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा या कोजागरी पूर्णिमा कहते हैं। पूर्णिमा 6 अक्टूबर दोपहर 12:24 से 7 अक्टूबर प्रातः 9:17 तक रहेगी। धारूहेड़ा चुंगी स्थित ज्योतिष संस्थान के ज्योतिषाचार्य अजय शास्त्री के ने कहा कि इस दिन सम्पूर्ण वर्ष में आश्विन मास की पूर्णिमा को चंद्रमा 16 कलाओं से परिपूर्ण होता है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन चंद्रमा की किरणों से अमृत वर्षा होती है। शरद पूर्णिमा के दिन शाम को खीर बनाकर भगवान को भोग लगाएं, फिर रात में खीर को खुले आसमान या छत पर रख देवें तथा अगले दिन खीर का प्रसाद ग्रहण करें।

### शरद पूर्णिमा के दिन करें ये उपाय

शरद पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी पृथ्वी पर आती है। मां लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए शरद पूर्णिमा की रात्रि को अपने मंदिर या तिजोरी में एक चांदी की डिब्बी में शहद भरकर रखे, ऐसा करने से स्थिर लक्ष्मी की कृपा होती है। यह व्रत विशेष रूप से संतान की आयु, आरोग्य, विद्या व बुद्धि के लिए होता है। शरद पूर्णिमा व्रत की विशेष महिमा बताई गई है। इस दिन विधि पूर्वक पूर्णिमा का व्रत करके कथा का श्रवण भी करना चाहिए।

**यादव कल्याण सभा ने किया शिविर का आयोजन**

## श्रीकृष्ण भवन में लगे कैंप में 138 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। कैंप में 138 मरीजों को फ्री ओपीडी सेवाएं प्रदान करके दवाईयां वितरित की गई। शिविर में डा. रवि राव ने मेडिसन, डा. अजय यादव ने हड्डीरोग, डा. अभिनव राव ने सर्जरी व डा. गौतम यादव ने नेत्ररोग के रोगियों को ओपीडी सेवाएं प्रदान की।

लेफ्टिनेंट पूर्णसिंह यादव ने भी लोगों को फ्री फिजियोथेरेपी सेवाएं प्रदान की। सरकारी अस्पताल से पीएमओ डा. सुरेन्द्र सिंह यादव ने कैंप का अवलोकन किया। कैंप के आयोजन में सभा के प्रधान रामबीर यादव, जसवंत सिंह, शशिभूषण, प्रो. सतीश यादव, अमर सिंह व रामसिंह ने सहयोग प्रदान किया।

**स्थानीय कारीगरों को सशक्त बनाने का माध्यम भी है खादी**

## स्वदेशी अपनाकर राष्ट्र को मजबूत बनाने का कार्य करें प्रत्येक नागरिक: प्रो. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने रविवार को रेवाड़ी शहर स्थित एक खादी वस्त्र भंडार से खादी वस्त्र खरीदते हुए कहा कि खादी न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है, बल्कि यह स्थानीय कारीगरों और उद्योगों को सशक्त बनाने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में खादी के उत्पादन और प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना आज की आवश्यकता है, ताकि परंपरा के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी सृजित हो सकें। प्रो. शर्मा ने नागरिकों से स्वदेशी उत्पादों के अधिकाधिक उपयोग करने का आह्वान किया। प्रो. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने व्यापारियों के हित में जीएसटी में संशोधन सहित कई निर्णय लिए हैं।



### बोले पूर्व शिक्षा मंत्री शर्मा

नई जीएसटी नीति से व्यापारी, गृहिणी, किसान व मजदूर सहित सभी वर्गों को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने व्यापारियों की सुविधा के लिए अनेक नीतियां लागू की हैं, जिनसे व्यापार जगत को लाभ के साथ पारदर्शिता और सरलता भी मिली है।

**सतीश पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक मीटिंग**

## अच्छी शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार होना भी जरूरी : संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



शैक्षणिक संस्था पब्लिक एजुकेशन बोर्ड के अधीन संचालित सतीश पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य को लेकर रविवार को अभिभावक-शिक्षक मीटिंग का आयोजन किया गया। अभिभावकों ने शिक्षकों से अपने बच्चों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। प्राचार्या संगीत यादव ने कहा कि शिक्षकों के साथ साथ अभिभावकों का भी यह दायित्व बनता है कि बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दें। उन्हें मोबाइल व टीवी से दूर रखकर रचनात्मक गतिविधियों में लगाएं। अच्छी शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार होना भी जरूरी।

मीटिंग में पहली कक्षा से लेकर 12वीं तक के बच्चों की प्रगति रिपोर्ट से अभिभावकों को अवगत कराया गया।

**ब्राह्मण सभा की आमसभा का आयोजन**

# समाज हित के अनेक मुद्दों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

> कॉलेजियम सदस्यों की आमसभा सभा के प्रधान चंद्रशेखर गौतम की अध्यक्षता में आयोजित की गई



रविवार को ब्रह्मगढ़ परिसर में ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों व कॉलेजियम सदस्यों की आमसभा सभा के प्रधान चंद्रशेखर गौतम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर प्रधान गौतम ने कहा कि सभा की ओर से लोगों के लिए विभिन्न नेत्र जांच व स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए गए है। उन्होंने बताया कि समाज के लोगों के लिए समाजहित में सभा की ओर से विवाह योग्य बच्चों के लिए शुभ संबंध कार्यक्रम प्रत्येक रविवार को चलाया हुआ है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि विवाह योग्य बच्चों के लिए रजिस्ट्रेशन कराएं। उन्होंने कहा कि आमसभा में सदस्यों से मिले सुझावों पर विचार विमर्श करके उन्हें अमल में लाने का प्रयास किया जाएगा। उपप्रधान दीपक मुदगिल एडवोकेट ने सभा की प्रगति रिपोर्ट व आगामी योजनाओं के बारे में बताया। कोषाध्यक्ष खुशहाल शर्मा ने सभा के आय-व्यय व ऑडिट रिपोर्ट पेश की। कॉलेजियम सदस्य प्रोफेसर सुधीर त्यागी ने समाज के लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि सभी को जरूरतमंद लोगों के सामाजिक सहयोग के लिए आगे आना चाहिए। बैठक में महेश शर्मा, मनीष वशिष्ठ, अनिल भारद्वाज, विजय कौशिक एडवोकेट, शौकीन शर्मा एडवोकेट, अनूप, विपिन शर्मा ,पुरुषोत्तम, सरोज भारद्वाज व पीसी भारद्वाज ने भी अपने विचार रखे।

### ये हुए सम्मानित

*बैठक में हरियाणा सरकार की ओर से श्रुति शर्मा को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की जिला चेयरपर्सन बनाने, कॉलेजियम सदस्य सुमन शर्मा को राजनैतिक पार्टी जेजेपी का जिला अध्यक्ष बनाए जाने तथा कॉलेजियम सदस्य देवेन्द्र वशिष्ठ की पुत्री गीतिका वशिष्ठ की बैंक ऑफ न्यूयार्क बेल्जियम में वाइस प्रेजिडेंट पद पर नियुक्ति होने सम्मानित किया गया। आमसभा में महासचिव जय कुमार कौशिक, सहसचिव संदीप भारद्वाज, पूर्व कार्यकारी प्रधान प्रेम कौशिक, भूपेंद्र भारद्वाज, महेंद्र शर्मा, सुनील शर्मा, श्याम बाबू, सुरेश शर्मा, सुभाष शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा,नरेश शर्मा, हेमंत भारद्वाज,रमेश वशिष्ठ, सतीश मस्तान, दीपक शर्मा, सुरेश शर्मा, महेश वशिष्ठ, अनिलदत शर्मा, राजेश शर्मा, कपीश शर्मा, राजेन्द्र मुदगिल, सुशील स्वामी एडवोकेट व बलवंत शर्मा सहित सभी सदस्य व कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।*

# सौ वर्षो से व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रहा आरएसएस : मित्तल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानि आरएसएस की ओर से रेवती उपनगर और भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। संघ की परंपरा के अनुरूप यह कार्यक्रम अनुशासन, संगठन और राष्ट्रभक्ति का सशक्त प्रदर्शन देता है। नगरवासीयों ने पथ संचलन को देखकर न केवल संगठन की शक्ति का अनुभव किया, बल्कि समाज में एकता और सद्भाव का सशक्त संदेश भी प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सैनी स्कूल में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के स्वयंसेवकों ने भाग लिया और राष्ट्रहित के प्रति अपने संकल्प को प्रकट किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अजय मित्तल उपस्थित थे। उन्होंने संघ की विचारधारा, राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि के रूप में अनिल भार्गव अध्यक्ष भार्गव सभा व समाजसेवी उपस्थित थे। उन्होंने सामाजिक समरसता, शिक्षा और संस्कृति के माध्यम से राष्ट्र को सशक्त बनाने के मुद्दों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने देशभक्ति गीतों के माध्यम से वातावरण को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत किया। मुख्य वक्ता ने कहा कि पथ संचलन का उद्देश्य केवल एक अनुशासनबद्ध प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह एक जीवंत संदेश है कि संगठित समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव रख सकता है।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर नगर कार्यवाह बलराज, आरएसएस के सह प्रांत संपर्क प्रमुख सुरेश पाल, हेमचंद विक्रमदित्य उपनगर में अध्यक्ष स्वामी रूप सनातन दास प्रभारी इस्कॉन केंद, दिनेश गोयल, संघ से पारस, विवेक सैनी, देवेश व सह प्रचार प्रमुख मंजीत उपस्थित थे। संघ के जिला प्रचार प्रमुख योगेश त्यागी ने मंच संचालन किया।

### आज के दौर में संघ की प्रासंगिकता

जब समाज अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह आयोजन हमें एकजुट रहने और अपनी परंपराओं, संस्कृति तथा मूल्यों के संरक्षण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आरएसएस सौ वर्षो से व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रहा है। मुख्य वक्ता ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विगत कई दशकों से समाज जीवन के विविध क्षेत्रों में सेवा, संस्कार और संगठन का कार्य कर रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में संघ के स्वयंसेवक सदैव सक्रिय रहते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

### प्रबंधन समिति ने ली पद व कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

रेवाड़ी। भगवान महावीर विद्यापीठ की नई प्रबंधन समिति ने रविवार को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ ली। समिति के सदस्यों ने देव दर्शन व भक्तांबर पाठ करके अपनी पारी की शुरूआत की। समाज के गणमान्य लोगों के साथ-साथ विभिन्न समाज से आए प्रतिनिधि शपथग्रहण समारोह के साक्षी बने। नई प्रबंधन समिति ने अतिशय क्षेत्र नसियां जी में भगवान शांतिनाथ को नमन किया। इससे पूर्व जैन पब्लिक स्कूल के विद्या शरणालय में भक्तांबर पाठ किया गया। श्री प्रणम्य सागर मांगलिक भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह की शुरूआत भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीपार्चन व मंगलाचरण से हुई। स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत, संगीत तथा शास्त्रीय नृत्य कत्थक प्रस्तुत करके समां बांधा। प्रधानाचार्या सोनल छाबडा ने सभी का शाब्दिक अभिनंदन किया तथा मंच संचालन मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने किया। शपथ प्रशासक व जैन समाज के प्रधान महेंद्र जैन ने सभी निर्वाचित सदस्यों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

> ■ समिति के सदस्यों ने देव दर्शन व भक्तांबर पाठ करके अपनी पारी की शुरूआत की




रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व प्रबंधन समिति के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

**पंजाबी धर्मशाला में हनुमान जी की भक्ति का कार्यक्रम आयोजित**

# रावण का संहार करके श्रीराम माता सीता को साथ लेकर अयोध्या लौटे

> माता सीता ने प्रसन्न होकर हनुमान जी को अपने गले से उतार कर हीरों की माला भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को हनुमान जी की भक्ति का कार्यक्रम 'को नहीं जानत है जग में कपि संकटमोचन नाम तिहारो' का आयोजन पंजाबी धर्मशाला में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नई दिशा युवा मंच के जिला प्रधान एडवोकेट निशांत यादव, बाबा फरीद सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश राजपाल व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि रावण का संहार करके भगवान श्रीराम माता सीता को साथ लेकर अयोध्या लौट आए। भगवान राम के राज्याभिषेक की तैयारियां हो रही है। माता सीता ने प्रसन्न होकर हनुमान जी को अपने गले से उतार कर हीरों की माला भेंट की। हनुमान जी ने माला को देखा और उसे तोड़कर एक-एक हीरे को देखने लगे। लोगों ने पूछा कि आप माला को क्यों तोड़ रहे हो तो हनुमान जी ने कहा कि इस माला में श्रीराम जानकी नहीं है।

> *लोगों ने पूछा कि क्या आपके अंदर श्रीराम जानकी है। यह सुनते ही बजरंगबली ने अपना सीना फाड़कर सभी को श्रीराम-जानकी के दर्शन करा दिए।*



### हनुमान का गुणगान किया

संस्था के प्रधान अरुण गुप्ता, शिक्षाविद डा. बलबीर अग्रवाल, श्रीराम युवा शाखा के संरक्षक मोहन गोयल व शिक्षाविद प्रो. सी एल सोनी ने कहा कि हनुमान जी ने समुद्र लांघ कर न केवल माता सीता का पता लगाया, साथ ही अपनी पूंछ से लंका का दहन किया। महिला प्रधान निशा सीकरी, शिक्षाविद मधु गुप्ता व समाजसेविका अमीता ग्रोवर ने कहा कि सभी अपने घरों में हनुमान चालीसा का नियमित पाठ करें। अपने बच्चों को हनुमान चालीसा सुनाएं। इससे बच्चे बुद्धिमान व साहसी बनते हैं।

### ये रहे मौजूद, हुए सम्मानित

*कार्यक्रम में हेल्थ एंड वैलनेस कोच डा. सपना यादव ने सभी को डिप्रेशन, शुगर, हृदय रोग व घुटनों के दर्द के लिए उपयोगी अभ्यास कराए। उल्लेखनीय सेवाओं के लिए उप प्रधान हेमंत ग्रोवर, समाजसेवी के एल कोहली, शिक्षाविद सुदर्शन मेहंदीरत्ता व समाजसेवी राजेंद्र गेरा को सम्मानित किया गया तथा अतिथियों को हनुमान जी, शिव दरबार, गणपति जी व राधा कृष्ण के चित्र भेंट किए गए। कार्यक्रम में डा. देवेंद्र कुमार, हिमांशु पिपलानी, कपिल कपूर, पूर्वांशी, तन्वी व सेवानिवृत्त पुलिस उप निरीक्षक राजाराम सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।*